

# अपने सपनों के कॅरियर को दे ऊंची उड़ान

एनटीपीसी NTPC

## केवल महिला उम्मीदवारों के लिए विशेष भर्ती

## GATE-2021 के माध्यम से इंजीनियरिंग कार्यपालक प्रशिक्षु -2021 की भर्ती

एनटीपीसी लिमिटेड 65,810 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ भारत की सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी है। हमारे देश की विकास चुनौतियों के अनुरूप एनटीपीसी 2032 तक 130 गीगावॉट की कुल स्थापित क्षमता हासिल करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रहा है। अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजना के लिए एनटीपीसी को उत्कृष्ट शैक्षणिक रिकॉर्ड वाली होनहार, उत्साही और समर्पित **महिला स्नातक इंजीनियरों** की तलाश है:

| नीचे वर्णित विषयक्षेत्रों में इंजीनियरिंग कार्यपालक प्रशिक्षु (EET) 2021 | | |
|---|---|---|
| *इलेक्ट्रिकल (22) | *मैकेनिकल (14) | *इलेक्ट्रॉनिक्स / इंस्ट्रूमेंटेशन (14) |

**योग्यता:** कम से कम 65 प्रतिशत अंकों के साथ, संबंधित संस्थान / विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप, इंजीनियरिंग अथवा टेक्नोलॉजी / एएमआईई में पूर्णकालिक बैचलर डिग्री. अंतिम वर्ष / सेमेस्टर के छात्र भी, इंजीनियरिंग डिग्री में कम से कम 65 प्रतिशत अंक (अजा / अजजा / पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थियों के लिए 55%) प्राप्त करने के विषयाधीन, आवेदन करने के लिए पात्र हैं। नीचे दिए गए विषयक्षेत्रों के लिए चिन्हित निर्धारित डिग्री वाले अभ्यर्थी ही केवल संबंधित विषयक्षेत्र में ईईटी–2021 के पद के लिए आवेदन कर सकते हैं:–

| विषयक्षेत्र | इंजीनियरिंग में निर्धारित पूर्णकालिक डिग्रियां |
|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रुमेंटेशन एवं कंट्रोल / पॉवर सिस्टम्स और हाई वॉल्टेज / पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स / पॉवर इंजीनियरिंग |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | मैकेनिकल / प्रोडक्शन / इंडस्ट्रियल इंजी. / प्रोडक्शन और इंडस्ट्रियल इंजी. / थर्मल / मैकेनिकल एवं ऑटोमेशन / पॉवर इंजीनियरिंग |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं पॉवर / पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स |
| इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग | इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन / इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल / इलेक्ट्रॉनिक्स इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल |

**आयु सीमा:** ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पर ऊपरी आयु सीमा सामान्य / ईडब्ल्यूएस के लिए 27 वर्ष है। (आयु में अजा / अजजा / अपिव(एनसीएल) / पीडब्ल्यूबीडी / भूपूसै अभ्यर्थियों के लिए सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप छूट देय है)

**चयन प्रक्रिया:** पात्र अभ्यर्थी इंजीनियरिंग गेट (GATE)–2021 में अवश्य उपस्थित हुए हों। इस विज्ञापन के तहत आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को GATE–2021 में उनके प्रदर्शन के आधार पर दस्तावेज सत्यापन के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा। इसके बाद, उनके विज्ञापित पात्रता मानदंड पूरा करने के विषयाधीन "नियुक्ति का प्रस्ताव" किया जाएगा। कृपया नोट कर लें कि ईईटी–2021 भर्ती के लिए केवल GATE–2021 के अंक वैध हैं।

**GATE–2021 पेपर, जैसा कि नीचे विवरण दिया गया है:**

| एनटीपीसी द्वारा यथा विज्ञापित इंजीनियरिंग विषयक्षेत्र | GATE–2021 के अनुरूप पेपर | GATE–2021 के अनुरूप पेपर कोड |
|---|---|---|
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रिकल / इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रुमेंटेशन एवं कंट्रोल / पॉवर सिस्टम्स और हाई वॉल्टेज / पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स / पॉवर इंजीनियरिंग) | **इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग** | **ईई** |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग (मैकेनिकल / प्रोडक्शन / इंडस्ट्रियल इंजी. / प्रोडक्शन और इंडस्टियल इंजी. / थर्मल / मैकेनिकल एवं ऑटोमेशन / पॉवर इंजीनियरिंग) | **मैकेनिकल इंजीनियरिंग** | **एमई** |
| इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं पॉवर / पॉवर इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स) | **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार इंजीनियरिंग** | **ईसी** |
| इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रूमेंटेशन / इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल / इलेक्ट्रॉनिक्स, इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल) | **इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग** | **आईएन** |

**प्रस्तावित रिक्तियां:** प्रत्येक विषयक्षेत्र में श्रेणी–वार प्रस्तावित रिक्तियां नीचे दी गई हैं:

| विषयक्षेत्र | रिक्तियां | | | | | | पीडब्ल्यूबीडी के लिए निःशक्तताओं की चिन्हित प्रकृति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | अना | ईडब्ल्यूएस | अपिव | अजा | अजजा | |
| **इलेक्ट्रिकल** | **22** | 11 | 2 | 5 | 3 | 1 | 1. बहरापन और सुनने में कठिनाई<br>2. गतिविषयक निःशक्तता (ओए / ओएल) निवारित कुष्ठ रोगी, बौनापन और एसिड हमला पीड़ित सहित<br>**1 और 2 का संयोजन** |
| **मैकेनिकल** | **14** | 8 | 1 | 3 | 1 | 1 | |
| **इलेक्ट्रॉनिक्स / इंस्ट्रूमेंटेशन** | **14** | 8 | 1 | 3 | 1 | 1 | |

*ओए–एक बाजू, ओएल–एक टांग

पीडब्ल्यूबीडी के लिए रिक्तियां सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप आरक्षित हैं।

ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों के लिए रिक्तियां माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अंतिम परिणाम के विषयाधीन सरकारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं।

ऊपर इंगित कुल प्रस्तावित रिक्तियों की संख्या एनटीपीसी प्रबंधन के विवेकानुसार बढ़ाई / घटाई जा सकती हैं।

**प्रतिपूर्ति एवं लाभ:** चयनित अभ्यर्थियों को वेतनमान रू 40,000–1,40,000 में मूल वेतन रू 40,000 / –(ई 1 ग्रेड) में रखा जाएगा. प्रशिक्षण के दौरान / आमेलन के उपरांत कंपनी के नियमानुसार अन्य लाभ जैसे कि महंगाई भत्ता, अन्य अनुलाभ और भत्ते, टर्मिनल लाभ आदि देय होंगे।

**प्लेसमेंट:** चयनित उम्मीदवार एनटीपीसी के विभिन्न प्लांट में एक वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद अंतिम नियुक्ति स्थान निर्धारित किया जाएगा। उम्मीदवारों को पूरे देश में एनटीपीसी की सहायक कंपनियों / जेवी कंपनियों सहित किसी भी परियोजना / स्टेशन में पॉवर प्लांट में शिफ्ट प्रचालन के लिए नियुक्त किया जा सकता है और उन्हें शिफ्ट (नाइट शिफ्ट सहित) में भी कार्य करना होगा। **पद के लिए किये गये आवेदन को उम्मीदवार द्वारा शिफ्ट (नाइट शिफ्ट सहित) में कार्य करने की सहमति माना जाएगा।**

**आरक्षण और रियायतें:**

1. किसी श्रेणी विशेष से संबंधित होने का दावा करने वाले उम्मीदवारों के पास आवश्यक रूप से सक्षम प्राधिकारी से जारी वैध ईडब्ल्यूएस / अपिव(एनसीएल) / अजा / अजजा / निःशक्तता प्रमाणपत्र, होना चाहिए। ईडब्ल्यूएस / अपिव (ग़ैर संपन्न वर्ग) उम्मीदवारों को **केवल चालू वर्ष में** जारी भारत सरकार के नवीनतम निर्धारित प्रपत्र में अपेक्षित प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है। यदि रिक्तियों की पहचान अजा / अजजा / अपिव (गैर संपन्न वर्ग) / पीडब्ल्यूबीडी के लिए की गई है तो रियायतें प्रदान की जाएंगी।
2. श्रेणी (अजा / अजजा / अपिव(एनसीएल) / ईडब्ल्यूएस / पीडब्ल्यूबीडी) ऑनलाइन आवेदन में एक बार भरने के बाद इसमें परिवर्तन नहीं होगा और बाद में अन्य श्रेणी का कोई लाभ नहीं मिलेगा।
3. अजा, अजजा और पीडब्ल्यूबीडी अभ्यर्थी जिनके पास अर्हक परीक्षा में कम से कम 55 प्रतिशत अंक हैं, इस पद के लिए आवेदन करने के पात्र हैं। ऊपरी आयु सीमा अजा / अजजा के लिए 5 वर्ष, अपिव (ग़ैर संपन्न वर्ग) अभ्यर्थियों के लिए 3 वर्ष शिथिलनीय है। यह पीडब्ल्यूबीडी–सामान्य / ईडब्ल्यूएस के लिए 10 वर्ष, पीडब्ल्यूबीडी–अपिव(एनसीएल) के लिए 13 वर्ष और पीडब्ल्यूबीडी–अजा / अजजा उम्मीदवारों के लिए 15 वर्ष शिथिलनीय है। अपिव उम्मीदवार जो कि "संपन्न वर्ग" से संबंधित हैं अपिव श्रेणी को देय रियायत के लिए हकदार नहीं हैं तथा ऐसे उम्मीदवारों को अपनी श्रेणी सामान्य इंगित करनी होगी। ऊपरी आयु सीमा मे उन उम्मीदवारों के लिए 5 वर्ष शिथिलनीय है जो कि 01.01.1980 से 31.12.1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में साधारणतः अधिवासी रहे हैं। इसके अलावा, भूतपूर्व सैनिकों (भूपूसै) के लिए आयु में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुरूप होगी।
4. एनटीपीसी में महिला उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है। केवल महिला उम्मीदवारों के लिए विशेष भर्ती होने से इस भर्ती के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं हैं।

**सेवा अनुबंध प्रतिज्ञापत्र:** चयनित उम्मीदवारों को एक वर्ष का प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद कम से कम 3 वर्ष के लिए कंपनी की सेवा करने के संबंध में सामान्य, ईडब्ल्यूएस और अपिव श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 5,00,000 / – रू (अजा, अजजा, पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए 2,50,000 / – रू) का सेवा अनुबंध प्रतिज्ञापत्र निष्पादित करना अपेक्षित होगा।

**स्वास्थ्य:** ज्वाइनिंग से पहले, उम्मीदवारों को एनटीपीसी मेडिकल बोर्ड द्वारा संचालित चिकित्सा जांच से गुजरना होगा और बोर्ड का निर्णय अंतिम तथा बाध्यकारी होगा। स्वास्थ्य मानदंडों में किसी छूट की अनुमति नहीं होगी। विस्तृत चिकित्सा नियम वेबसाइट www.ntpccareers.net पर उपलब्ध हैं।

**आवेदन कैसे करें:**

1. **महिला उम्मीदवारों को अपनी GATE–2021 पंजीकरण संख्या के साथ एनटीपीसी ईईटी–2021 के लिए वेबसाइट: www.ntpccareers.net अथवा www.ntpc.co.in के कॅरियर खण्ड पर ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है।**
2. उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन आवेदन के दौरान अपने फोटोग्राफ और हस्ताक्षर अपलोड करना अपेक्षित होगा।
3. अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा GATE–2021 पंजीकरण संख्या सहित सही सूचना देते हुए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र भरें। सफल पंजीकरण के उपरांत सिस्टम सृजित **विशिष्ट पंजीकरण संख्या** प्राप्त होगी। उम्मीदवारों के लिए **पंजीकरण पर्ची** का प्रिंटआउट रखना अपेक्षित है जो कि सफल पंजीकरण के उपरांत सिस्टम से सृजित होगा।
4. **कृपया सुनिश्चित कर लें कि GATE–2021 पंजीकरण संख्या, जो कि गेट स्कोर–कार्ड में उल्लिखित है, सही प्रकार से भरी गई है।** नाम भी GATE स्कोर कार्ड में उल्लेख के अनुसार भरा जाना चाहिए। एक बार आवेदन सफलतापूर्वक प्रस्तुत हो जाने पर उम्मीदवार द्वारा प्रविष्ट किए गए किसी भी विवरण में परिवर्तन के संबंध में किसी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा।

**सामान्य सूचना और अनुदेश:**

1. केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
2. उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह विज्ञापन में वर्णित पात्रता मानदंड और अन्य शर्तें पूरी करते हैं।
3. सभी अर्हताएं अभातशिप / उपयुक्त वैधानिक प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / संस्थान से होनी चाहिए।
4. आयु की सभी गणनाएं विज्ञापन में यथा वर्णित ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के संदर्भ में की जाएगी।
5. कोई मैनुअल / पेपर आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।
6. यदि उम्मीदवार द्वारा उपलब्ध कराई गई कोई सूचना झूठी है अथवा विज्ञापन में वर्णित पात्रता मानदंड के अनुरूप नहीं पाई जाती है तो पंजीकृत उम्मीदवार की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में अथवा भर्ती उपरांत अथवा ज्वाइनिंग उपरांत नामंजूर की जा सकती है। किसी भी प्रकार की सिफारिश उम्मीदवार की अयोग्यता मानी जाएगी।
7. महत्वपूर्ण अनुदेशों / प्रश्नों के लिए उम्मीदवार वेबसाइट पर बारंबार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) खण्ड को देख सकते हैं।
8. ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दर्ज ई–मेल आईडी कम से कम एक वर्ष के लिए अवश्य वैध होनी चाहिए। एक बार प्रविष्टि कर दिए जाने पर ई–मेल आईडी में किसी बदलाव की अनुमति नहीं होगी। भविष्य में सभी पत्राचार केवल ई–मेल के जरिए प्रेषित किया जाएगा।
9. सरकारी विभागों / सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों / स्वायत्त संस्थाओं में सेवारत उम्मीदवारों के लिए यदि उक्त पद के लिए चयन हो जाता है ज्वाइनिंग के समय वर्तमान संगठन से कार्यमुक्ति पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है।
10. मात्र इस तथ्य के कि उम्मीदवार ने विज्ञापन के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है और वह विज्ञापन में निर्धारित मानदंड पूरा करता है उसे आगे चयन प्रक्रिया के लिए निश्चित तौर पर बुलाए जाने का अधिकार नहीं हो जाएगा।
11. एनटीपीसी के पास आगे बग़ैर कोई सूचना जारी किए अथवा कारण बताए, जो भी हो, भर्ती प्रक्रिया को निरस्त / सीमित / विस्तारित / संशोधित / परिवर्तित करने, यदि ऐसा करना आवश्यक है, का अधिकार सुरक्षित है।
12. इस विज्ञापन और अथवा इसके प्रत्युत्तर में आवेदन को लेकर उत्पन्न किसी भी दावे अथवा विवाद के संबंध में कोई भी कार्यवाही केवल दिल्ली में संचालित की जा सकती है और केवल दिल्ली स्थित अदालतों / अधिकरणों / मंचों का ऐसे मामले / विवाद की सुनवाई का पूर्ण और विशिष्ट अधिकार होगा।
13. अंग्रेजी की अपेक्षा किसी अन्य रूपांतर में व्याख्या को लेकर उत्पन्न अस्पष्टता के मामले में अंग्रेज़ी रूपांतर मान्य होगा।

**महत्वपूर्ण तिथियां:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 16.04.2021 |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 06.05.2021 |


एनटीपीसी NTPC **एनटीपीसी लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
एनटीपीसी भवन, कोर 7, स्कोप कॉम्पलेक्स 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
सीआईएनः L40101DL1975GOI007966 वेबसाइटः **www.ntpc.co.in**


विज्ञापन सं. 04 / 21